कार्यालय जिलाधिकारी सोनभद्र।

पत्रांक :– 1322/स्था0नि0लि0–संविदा स0कर्मी भर्ती/2016 दिनांक: 04 अगस्त, 2016

विज्ञप्ति

सचिव, उ0प्र0 शासन, गनर विकास अनुभाग–1 लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश सं0 2021/9–1–16–185सा/10टीसी दिनांक 04 जुलाई, 2016 के क्रम में शासनादेश सं0 1081/9–1– 14–466सा/2013 दिनांक 31 जुलाई, 2014 में निर्धारित संविदा धनराशि (संबंधित पद का अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों का समय–समय पर देय महंगाई भत्ते के समान धनराशि) अनुमन्य कराये जाने के आधार पर संविदा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु जनपद सोनभद्र के नगर निकायों के लिए निम्नानुसार स्वीकृत पदों को भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जो संबंधित निकायों के अधिशासी अधिकारियों के पास निर्धारित तिथि तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे जायेंगे। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

क्र0 सं0	निकाय का नाम	पदों की संख्या	आरक्षण की स्थिति			
			अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर पालिका परिषद सोनभद्र	52	10	01	14	27
2	नगर पंचायत घोरावल	14	02	00	03	09
3	नगर पंचायत चुर्क–गुर्मा	13	02	00	03	08
4	नगर पंचायत चोपन	25	05	00	06	14
5	नगर पंचायत ओबरा	134	28	02	36	68
6	नगर पंचायत रेनूकूट	164	34	03	44	83
7	नगर पंचायत पिपरी	27	05	00	07	15
8	नगर पंचायत दुद्धी	16	03	00	04	09

आवेदन की शर्त/निर्देश

1. आवेदन पत्र संबंधित निकाय में जमां करने की अन्तिम तिथि 17-8-2016 है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की 01.07.2016 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष व अधिकतम आयुसीमा 40 वर्ष होनी चाहिए।इसके अतिरिक्त समय समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी शासनादेश के अनुसार आयुसीमा में छूट अनुमन्य होगी।
3. निकाय में पहले से संविदा वेतन पर नियुक्त अथवा ठेकेदारों के माध्यम से संविदा पर कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मैनुअल स्कैवेन्जरों को निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर इस भर्ती में वरीयता दी जायेगी।
4. उ0प्र0 लोक सेवा (अनु0जाति, अनुसूचित जन जाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 (यथा संशोधित) का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
5. संविदा सफाई कार्मिकों की सेवायें संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उनकी सेवायें समाप्त कर दी जायेंगी।
6. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर, नवीनतम पासपोर्ट साइज के 02 फोटो, रजि0डाक टिकट लगा हुआ 02 लिफाफा जिसपर स्वयं का पता लिखा हो, शैक्षिक योग्यता(यदि कोई हो) जन्मतिथि, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र (यदि कोई हो) की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।मूल प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र के साथ कोई शुल्क देय नहीं है।
7. आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।चयन समिति के समक्ष बुलाये जाने पर कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। साक्षात्कार हेतु नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने पर आवेदन निरस्त माना जायेगा।
8. शासनादेश में दिये गये निर्देशों के अनुसार चयन समिति द्वारा संविदा सफाई कार्मिकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा, तत्पश्चात् साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची शासन को भेजी जायेगी। शासन द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित निकाय के अधिशासी अधिकारी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी किये जायेगें।

संलग्नक: आवेदन पत्र प्रारूप

(राम चन्द्र)
अपर जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

संविदा पर सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

अभ्यर्थी का स्व–प्रमाणित फोटोग्राफ

विज्ञापन संख्या...

1. आवेदित पद का नाम...
2. निकाय का नाम..
3. आवेदक/आवेदिका का नाम...
   (क) हिन्दी के देवनागरीलिपि में ....
   (ख) अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में ....
4. पिता/पति का नाम ....
5. स्थायी पता...
6. पत्रव्यवहार का पता..
7. जन्मतिथि
   (अंकों में).......................................(शब्दों में)..
8. (01.07.2016 को आयु)..........वर्ष..................माह.................दिन
9. राष्ट्रीयता...
10. दूरभाष/मोबाइल नम्बर...
11. जाति (जाति के कालम में सही का निशान लगायें)
    (अ) सामान्य वर्ग ☐ (ब) अनुसूचित जाति ☐ (स) अनुसूचित जनजाति ☐
    (द) अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ (प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
12. (अ)शैक्षिक योग्यता ....
    (ब) अनुभव :
    संविदा ☐ ठेकेदारी के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारी ☐
    नगरीय क्षेत्र के मैनुअल स्कैव्वेन्जर्स ☐ (कालम में सही का निशान लगायें, अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13. शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण परीक्षाओं का उल्लेख करें और प्रमाण–पत्र अंकित तालिकाओं की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें।

क्रम सं0	परीक्षा का नाम	वर्ष	श्रेणी	प्रतिशत	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम
1	2	3	4	5	6

घोषणा–पत्र

मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने पात्रता की समस्त शर्तें/निर्देश पढ़ लिये है, वह मुझे मान्य है। आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये गये समस्त विवरण/सूचनाएं सत्य व सही है एंव कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा कोई सूचना असत्य अथवा गलत पायी जावे तो मेरा आवेदन/नियुक्ति निरस्त कर दिया/दी जाये।

संलग्नकों की संख्या ....

दिनांक ....

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर